भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †55**

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

## एसएआई और एनसीओई के विकास के लिए निधि

**†55. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा के सोनीपत संसदीय क्षेत्र में स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) के विकास के लिए जनवरी 2025 तक कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) एसएआई और एनसीओई के पर्यवेक्षण के लिए प्रबंधन प्रक्रिया क्या निर्धारित की गई है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हरियाणा में किसी योजना के तहत एथलीटों को मासिक सहायता प्रदान करने का कोई प्रावधान है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख) : युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) को वर्तमान वित्त वर्ष में कुल 805.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें से भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा सोनीपत में स्थित इसके क्षेत्रीय केंद्र को 53.62 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। सरकार राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) को सीधे तौर पर धनराशि आवंटित नहीं करती है।

साई के अंतर्गत एनसीओई के दैनिक कार्यों का प्रबंधन एक मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) द्वारा किया जाता है, जो मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), क्षेत्रीय प्रमुख को रिपोर्ट करता है। एनसीओई इसके अतिरिक्त प्रतिभा पहचान एवं विकास समिति (टीआईडीसी) और नई दिल्ली में स्थित साई मुख्यालय के परिचालन प्रभाग को भी रिपोर्ट करते हैं। एनसीओई में प्रत्येक

विधा के लिए एक नामित उच्च प्रदर्शन निदेशक (एचपीडी) और उच्च प्रदर्शन प्रबंधक (एचपीएम) होता है जो क्षेत्रीय केंद्रों के समन्वय में एथलीटों के प्रदर्शन की निगरानी करते हैं।

(ग) और (घ): हरियाणा राज्य के खिलाड़ियों सहित सभी खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न खेल प्रोत्साहन स्कीमों के तहत सहायता प्रदान की जाती है। चयनित खिलाड़ियों को अनुमोदित स्कीम मानदंडों के अनुसार विशेषज्ञ प्रशिक्षकों, खेल उपकरण, आवास और भोजन, खेल किट, प्रतियोगिता प्रदर्शन, शैक्षिक व्यय, चिकित्सा/बीमा के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत, एथलीटों को छात्रवृत्ति, विशिष्ट प्रशिक्षण और कोचिंग सुविधाओं, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने और विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं को उपलब्ध कराने के रूप में व्यापक सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें प्रत्येक खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) को प्रति वर्ष ₹6.28 लाख का वित्तपोषण देना शामिल है (जिसमें प्रत्येक केआईए के लिए ₹10,000 प्रति माह आउट-ऑफ-पॉकेट भत्ता शामिल है)। स्कीम-वार मानदंड अनुबंध पर दिए गए हैं।

*****

**अनुबंध**

**'एसएआई और एनसीओई के विकास के लिए निधि' के संबंध में श्री सतपाल ब्रह्मचारी द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 55 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

## वित्तीय मानदंड

**(1) राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) स्कीम**

| **क्र.सं.** | **व्यय का शीर्ष** | **प्रति एथलीट औसत वार्षिक व्यय (₹)** |
|---|---|---|
| 1 | आवास | मुफ्त |
| 2 | भोजन व्यय (वास्तविक व्यय के अनुसार) | वास्तविक व्यय के अनुसार |
| 3 | खेल किट | 20,000 |
| 4 | प्रतियोगिता एक्सपोजर (घरेलू) | 50,000 |
| 5 | शिक्षा टाई-अप | 10,000 |
| 6 | बीमा और चिकित्सा व्यय (आकस्मिक व्यय सहित) | 15,000 |

**(2) साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी)**

| **क्र.सं.** | **व्यय का शीर्ष** | **आवासीय (₹)** | **गैर- आवासीय (₹)** |
|---|---|---|---|
| 1 | भोजन व्यय @ रु. 300/- (गैर पहाड़ी) रु. 330/- (पहाड़ी) प्रति व्यक्ति प्रति दिन | | |
| 2 | खेल किट | 24,000 | 16,500 |
| 3 | प्रतियोगिता एक्सपोजर | | |
| 4 | शिक्षा टाई-अप | | |
| 5 | बीमा और चिकित्सा व्यय, अन्य व्यय | | |

**(3) स्कूलों/कॉलेजों को कवर करने के लिए एसटीसी का विस्तार केंद्र**

| **क्र.सं.** | **गैर-आवासीय** | **प्रति एथलीट औसत वार्षिक व्यय (₹)** |
|---|---|---|
| 1 | खेल किट | 5000 |
| 2 | प्रतियोगिता एक्सपोजर | 3000 |
| 3 | वजीफा (प्रति प्रशिक्षु एक वर्ष में 10 महीने के लिए) | 6000 |
| 4 | बीमा | 150 |
| | **कुल:** | **14,150** |
| 5 | प्रति प्रशिक्षु पहचाने गए संस्थानों में अवसंरचना और उपकरण के लिए सहायता, 1.00 लाख रुपये की सीमा के अधीन | 5000 |

**(4) राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता स्कीम (एनएसटीसी)**

I) **नियमित स्कूल**

| | **गैर-आवासीय** | **प्रति एथलीट औसत वार्षिक व्यय (₹)** |
|---|---|---|
| 1 | खेल किट (प्रति वर्ष) | 2000 |
| 2 | प्रतियोगिता एक्सपोजर (प्रति वर्ष) | 2000 |
| 3 | 10 महीने के लिए वजीफा (प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति) | 3000 |
| 4 | बीमा | 150 |
| | **कुल:** | **7150** |
| 5 | खेल उपकरण खरीदने के लिए स्कूल के लिए वार्षिक अनुदान (प्रति वर्ष) | 20000 |

**II) देशज खेल एवं मार्शल आर्ट (आईजीएमए)**

| | **व्यय का शीर्ष** | **व्यय (₹)** |
|---|---|---|
| 1 | खेल किट (प्रति वर्ष) | 1500 |
| 2 | चिकित्सा सहित दुर्घटना बीमा (प्रति वर्ष) | 150 |
| 3 | 10 महीने के लिए वजीफा (प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष) | 3000 |
| | **कुल:** | **4650** |

**III) अखाड़ा**

| | **व्यय का शीर्ष** | **व्यय (₹)** |
|---|---|---|
| 1 | खेल किट (प्रति प्रशिक्षु प्रति वर्ष) | 3000 |
| 2 | प्रतियोगिता एक्सपोजर (प्रति प्रशिक्षु प्रति वर्ष) | 3000 |
| 3 | वजीफा (प्रति व्यक्ति प्रति माह) | 1000 |
| 4 | बीमा | 150 |
| | अनुभवी कोच की सेवा के अलावा गोद लिए गए अखाड़ों को कुश्ती मैट / मल्टी-जिम का एक सेट प्रदान किया जाएगा। | |
| | **कुल:** | **7150** |

**(5) खेलो इंडिया कार्यक्रम**

| क्र.सं. | शीर्ष | राशि **(₹)** |
|---|---|---|
| 1 | कोचिंग | 75,000 |
| 2 | खेल विज्ञान सहायता | 50,000 |
| 3 | आवास | 36,000 |
| 4 | प्रतियोगिता एक्सपोजर | 60,000 |
| 5 | खेल किट | 20,000 |
| 6 | शिक्षा टाई अप | 30,000 |
| 7 | उपभोज्य | 50,000 |
| 8 | प्रबंधन | 25,000 |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | बीमा | 4000 |
| 10 | आहार | 330 दिनों के लिए प्रतिदिन 480 |

*****